मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 20/01/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति-47/2026
20 जनवरी 2026
दावोस/रांची
================
हरित ऊर्जा और निवेश के नए अवसरों के साथ विकसित भारत और समृद्ध झारखण्ड के लक्ष्य को मिलेगी नई गति: श्री हेमन्त सोरेन
===================
दावोस/रांची

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की वार्षिक बैठक के दौरान दावोस में इंडिया पेवेलियन के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर भारत सरकार और विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि भी उपस्थित

रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखण्ड पहली बार इस प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर भाग ले रहा है, जो राज्य के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा झारखण्ड प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य है और हरित ऊर्जा सहित कई विकास क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने **"विकसित भारत 2047"** और **"समृद्ध झारखण्ड 2050"** के लक्ष्य को दोहराते हुए विश्वास व्यक्त किया कि दावोस में वैश्विक नेताओं, देशों और कंपनियों के साथ हुई सार्थक चर्चाएं राज्य के विकास और निवेश प्रयासों को नई गति प्रदान करेंगी।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और झारखण्ड की ओर से शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

###

===============

#TeamPRD(CMO)